वाघबकरी ग्रुप ने विश्वमंगलम शिक्षण संस्था के पुर्ननिर्माण के लिए की मदद

हिंमतनगर। अकोदरा (हिंमतनगर) में पूरानी शैक्षणिक संस्था विश्वमंगलम पिछले छह दशकों से गांधी के विचारों पर चल कर सामाजिक सेवा कर रही है। जिसकी स्थापना 1959 में सुमतीबेन रावल एवं गोविंदभाई रावल ने की थी। यह संस्था आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण युवक युवतियों को आधुनिक शिक्षा देने एवं उनकी औद्योगिक स्किल के विकास का कार्य करती है। इस संस्था के कौम्पस में उत्तर बुनियादी विद्यालय एवं स्त्री अध्यापन मंदिर की ईमारत का बांधकाम 60 वर्ष पुराना है जो अभी जर्जरित हो चुका है। जिससे विश्वमंगलम ने वाघबकरी टी ग्रुप को स्कूल एवं कॉलेज के नई ईमारत के बांधकाम के लिए आर्थिक सहयोग करने का अनुरोध किया था। वाघबकरी ग्रुप ने अनुरोध को स्वीकार कर कंपनी के सीएसआर कार्यक्रम के अंतगत नई इमारत के निर्माण के लिए 1.25 करोड़ की आर्थिक मदद की। इस नई ईमारत में आधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर है। इस इमारत में 9 से 12 विज्ञान की 163 एवं पीटीसी कॉलेज की 129 छात्राओं को पढ़ाया जाएगा।

निष्पक्ष जनसंसार
Wed, 23 October 2019
https://www.readwhere.c